प्रेस नोट थाना रामचन्द्र मिशन
जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक- 12.03.26

"थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 01 तस्कर को 1.023 किलोग्राम अवैध अफीम सहित किया गया गिरफ्तार"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपराध की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थ/शस्त्र का बिक्री/निर्माण, चिन्हित किये गये अपराधियों के परिप्रेक्ष्य मे प्रचलित अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रामचन्द्र मिशन के नेतृत्व में थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 12.03.2026 को थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर लखनऊ–बरेली हाईवे से सराय कांइया जाने वाले मार्ग पर हाईवे से लगभग 10 मीटर दूर स्थित एक बंद दुकान के पास समय 10:55 बजे अभियुक्त प्रभु शाह पुत्र जगन्नाथ, उम्र करीब 55 वर्ष, निवासी ग्राम बैरिया बिरता थाना पौखरिया जिला पर्सा, राज्य मदेश प्रदेश (नेपाल) तथा हाल निवासी ग्राम झज्जरी थाना इनरवा जिला पश्चिमी चम्पारण (बिहार) को 1.023 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना रामचन्द्र मिशन पर मु0अ0सं0 48/2026 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :-

प्रभु शाह पुत्र जगन्नाथ उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम बैरिया बिरता थाना पौखरिया जिला पर्सा राज्य मदेश प्रदेश (नेपाल) व हाल निवासी ग्राम झज्जरी थाना इनरवा जिला पश्चिमी चम्पारण बिहार

गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समयः-

लखनऊ बरेली हाईवे से सराय कांइया जाने वाले मार्ग पर स्थित बन्द दुकान के पास, दिनांक 12.03.26, समय 10.55 बजे

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0 48/26 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर

बरामदगी का विवरणः-

1.023 किलोग्राम अफीम।

पूछताछ का विवरणः-

अभियुक्त प्रभु शाह पुत्र जगन्नाथ ने बताया कि वर्तमान में मैं अपनी पुत्री के साथ ग्राम झज्जरी थाना इनरवा जिला पश्चिमी चम्पारण (बिहार) में रहता हूँ। यह अफीम मैं मोतिहारी जिला बिहार से लाकर राजू पुत्र मोरसिंह निवासी नगरिया विक्रम, थाना फरीदपुर जनपद बरेली को देने के लिए जा रहा था। मैंने राजू को शाहजहाँपुर बुलाया था, लेकिन वह वहां नहीं पहुँचा तभी आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया। इस कार्य के बदले मुझे 10,000 रुपये दस हजार रुपये मिलने थे।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

उ0नि0 प्रवीण कुमार थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर
उ0नि0 सचिन भारती थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर
हे0का0 326 अवधेश कुमार थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर
का0 2644 लवकुश थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर